ई-पत्रिका

# नगर पालिका परिषद लोनी




## माह मई

## 2022

**E NEWS LETTER 1**

# नगर पालिका परिषद लोनी







**2022**

| श्रीमति शालिनी गुप्ता | श्रीमती रंजीता धामा |
|---|---|
| *(अधिशासी अधिकारी)* | *(अध्यक्ष)* |




स्वच्छ भारत

एक कदम स्वच्छता की ओर

**E NEWS LETTER 2**

# लोनी दर्पण



श्रीमति शालिनी गुप्ता
*(अधिशासी अधिकारी)*

श्रीमती रंजीता धामा
*(अध्यक्ष)*




नगर पालिका परिषद, लोनी, मई 2022 के ई-पत्रिका लोनी दर्पण में स्वागत है | मई माह में हुये विकास कार्यो को ई-पत्रिका लोनी दर्पण के माध्यम से आप सब तक पहुँचाना चाहते हैं | लोनी नगर पालिका प्रत्येक माह ई-पत्रिका लोनी दर्पण के द्वारा नगर पालिका में हुये विकास कार्यो को आपसब के सामने लाने का प्रयास करता है | जिससे लोनी नगर पालिका परिषद के विकास और नई योजनाओं से लाभान्वित हो सके | नगर पालिका परिषद लोनी का एक मात्र उद्देश्य नगर पालिका का विकास है | जिसमे बिना किसी भेद-भाव, सभी समुदायों के लोगो को एकसाथ लेकर आगे बढने का उद्देश्य है | जिसके लिए नगर पालिका परिषद लोनी के निवासियों को इसमें सहयोग महत्वपूर्ण है | और नगर पालिका इसका उम्मीद करता है | नगरवासियों से अपील है की नगर को स्वच्छ और सुन्दर बनाने में नगर पालिका की मदद करे | अपने आस-पास साफ-सुथरा रखे | कूड़ा-कचरा डस्टबिन में रखे , गन्दगी न फैलाये | आने वाले कल अच्छा हो इसके लिये आज बेहतर बनायें |

# लोनी दर्पण



## Miss. Shalini Gupta
## ( Executive Officer )

I am happy to present the May 2022 issue to all of you. A number of projects have been commissioned in the month of May. The former will help smoothen the flow of traffic, reduce the travel time of citizens, ease the congestion and reduce pollution on nagar road. There have been a lot of lessons to learned and these insights will certainly stand in good stead with us in our endeavors in future. The one thing that stands out is the most active participation of citizens. We, the residence of the Nagar Palika Parishad Loni respective of ages, castes, creeds, religions, localities have untidily participated in creation of Loni's Swachh Nagar Palika Parishad proposal. As I look into the future with great expectation, it is this one aspect of the municipality which gives me the greatest hope. We in the Nagar Palika Parishad Loni, would be very happy to receive your feedbacks on all matters that you feel are important.



लोनी दर्पण

# नगर पालिका परिषद् लोनी

I am delighted to present the tasks and issue of Loni Nagar Palika by E-Patrika Loni in May 2022. Nagar Palika Parishad Loni is grateful to the citizens who displayed tremendous enthusiasm and whole heartedly participated in numerous activities throughout this period. All of us should bear in mind that this is not end but a beginning of the exercise pertaining to development and Swachh Mission program. The coming years will surely be very hectic and eventful. Loni promises to leave no room for complacency and will work even harder to achieve the targets. We solicit active participation from the citizens in our endeavor. We sincerely believe that decisions taken by Nagar Palika Parishad Loni should benefit Nagar Palika Parishad Loni and the citizens in the ultimate analysis. Many projects process in work in Nagar Palika Parishad Loni for development our Nagar Palika and citizens. Thanks to all citizens of Nagar Palika Parishad Loni for supporting to develop Loni.



# ईद-उल-फितर




जिंदगी का हर पल खुशियों से कम न हो,
आप का हर दिन ईद के दिन से कम न हो,
ऐसा ईद का दिन आपको हमेशा नसीब हो
जिसमें कोई दुःख और कोई गम न हो...
ईद मुबारक 2022!!!

# सफाई को लेकर किसी भी प्रकार की लापरवाही कतई बर्दाश्त नहीं की जाएगी: शालिनी गुप्ता



**लोनी (करंट क्राइम)।** लोनी नगर में संचारी रोगों से बचाव के लिए नगर पालिका की अधिशाषी अधिकारी के निर्देश पर साफ सफाई के लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इसके लिए नगर के प्रत्येक वार्ड में साफ सफाई व दवा का छिड़काव किया जा रहा है।

कोरोना महामारी व संचारी रोगों से नगर की जनता को सुरक्षित रखने के लिए नगर पालिका ईओ शालिनी गुप्ता के निर्देश पर नगर में विशेष सफाई अभियान चलाया जा रहा है। जिसकी समीक्षा व देखरेख ईओ स्वयं कर रही हैं। वह प्रातः ही सफाई व्यवस्था की देखरेख के लिए फील्ड में निकल जाती है। विशेष सफाई अभियान के तहत नगर के वार्डों में जहां झाडू से साफ सफाई की जा रही है। तो वहीं, नालियों की साफ सफाई के साथ दवा का छिड़काव भी किया जा रहा है। जिससे रोग के कीटाणु नष्ट हो सकें। इसके अलावा मोहल्लों की गलियों में संचारी रोगों की रोकथाम के लिए फागिंग मशीन भी चलाई जा रही है। बुधवार को चले सफाई अभियान में ईओ ने दिल्ली सहारनपुर पुर हाइवे मार्ग लोनी तिराहे में स्वयं जाकर सफाई व्यवस्था को देखा और आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने सफाई नायकों को निर्देश दिए कि सफाई को लेकर किसी भी प्रकार की लापरवाही कतई बर्दाश्त नहीं की जाएगी। जनता के स्वास्थ्य के प्रति सबकी जिम्मेदारी है। जिसको सभी को मिलकर जिम्मेदारी से निभाना है। उन्होंने नगर की जनता से अपील की कि अपने घरों के आसपास गंदगी ना होने दें और न ही जल भराव ना होने दें। यदि कोई समस्या आती है तो उन्हें सूचित करें।

# ईओ शालिनी गुप्ता ने संभव कार्यक्रम के तहत सुनी समस्याएं, निस्तारण करने के दिए निर्देश

**सोशल मीडिया टाइम्स**




**गाजियाबाद , लोनी।** सोमवार को नगर पालिका परिषद कार्यालय में संभव कार्यक्रम के तहत जन सुनवाई की गई। इसमे अधिशाषी अधिकारी शालिनी गुप्ता ने संभव कार्यक्रम में आए चार फरियादियों की समस्याएं सुनीं और निस्तारण के निर्देश दिए। बतादें कि जनता की शिकायतों को तेजी एवं प्रभावी ढंग से निपटाने के लिए सरकार द्वारा विभिन्न प्रकार के प्रयास किए जाते हैं।जिसके माध्यम से विभिन्न स्तरों पर नागरिकों की शिकायतों का हल किया जाता है।

शासन के दिशा निर्देश पर प्रत्येक सोमवार को नगरपालिका ईओ द्वारा नागरिकों की शिकायतों का निवारण किया जाएगा। जिसको लेकर उत्तर प्रदेश सरकार ने प्रदेश भर की सभी नगरपालिका एवं नगर पंचायतों में तैनात ईओ को सप्ताह के प्रत्येक सोमबार को सुबह 10 बजे से 12 तक जनसुनवाई करने के आदेश जारी किए हैं। सोमवार को पालिका में संभव कार्यक्रम में पहुंचे खन्ना नगर निवासी ओमबीर सिंह एवं रामेश्वर पार्क निवासी आकाश ने अपने घर के आसपास व गली में हो रही गंदगी की सफाई कराने को प्रार्थना पत्र दिया। इसके अतिरिक्त खन्ना नगर त्यागी मार्केट निवासी सचिन जांगड़ ने गली में हो रहे अंधेरे को दूर करने के लिए गली में लाइट लगवाने व गढ़ी शब्लू निवासी आल्हा सिंह ने अपनी ठेकेदारी का लाइसेंस रिनूवल कराने का प्रार्थना पत्र दिया। सभी समस्याओं का जल्द निस्तारण करने के लिए अधिशासी अधिकारी शालिनी गुप्ता ने अपने अधीनस्थों को दिशा निर्देश दिए।

अधिशसी अधिकारी ने सभी फरियादियों को गुलाब का फूल देकर स्वागत किया।जिसे देखकर शिकायत कताओं के चेहरे खिल उठे।लोनी नगरपालिका अधिशासी अधिकारी ने समस्याओं के जल्द समाधान का आश्वासन देते हुए अधीनस्थों को दिशा निर्देश दिए गए।

# लोनी नगर पालिका ने गंदगी फैलाने वालों पर लगाया जुर्माना

## नगरपालिका सभागार में चार घंटे बैठाया ,जुमार्ना बतौर फिल्म दिखा किया जागरूक



सोशल मीडिया टाइम्स

गाजियाबाद लोनी। नगरपालिका अधिकारियों ने शहर में गंदगी फैलाने वाले दो दर्जन से अधिक लोगों पर जुमार्ना लगाया है। जिनको नगरपालिका सभागार में जुमार्ना बतौर चार घंटे बैठाया और भारत स्वच्छ अभियान के तहत फिल्म दिखाकर उन्हें जागरूक कर छोड़ दिया।

लोनी नगरपालिका अधिशासी अधिकारी शालिनी गुप्ता ने बताया कि प्रदेश सरकार ने भारत स्वच्छ अभियान के तहत देश को स्वच्छ सुंदर बनाने का संकल्प लिया है। जिसमें प्रशासनिक अधिकारी देश को स्वच्छ बनाने के लिए लोगों को जागरूक करने का काम किया जा रहा है। जिससे आम जनता अपने आस पास सफाई का विशेष ध्यान रखें। गंदगी से फैलने वाली बीमारी से दूर रह सकें।

उन्होंने कहा कि जागरूकता के बावजूद भी कुछ व्यक्ति गंदगी फैलाने से बाज नहीं आते हैं।



### गंदगी फैलाने वालों को किया जागरूक

अधिशासी अधिकारी ने बताया कि गंदगी फैलाने वालों के खिलाफ एक मुहिम चलाई गई है। जिसमें ऐसे व्यक्तियों को चिन्हित कर ई-मेल के माध्यम से उपलब्ध प्रेजेंटेशन को कंप्यूटर से दिखा कर जागरूक करने का काम किया जा रहा है। शुक्रवार को स्वच्छ भारत अभियान मुहिम चलाने वाली नगरपालिका टीम ने शहर में गंदगी फैलाने के आरोप करीब 30 लोगों को पकड़ लिया। जिनको लोनी नगरपालिका लाकर जुमार्ना लगाया गया। उन्होंने बताया कि उन्हें नगरपालिका सभागार में करीब 4 घंटे बैठाया गया। जुमार्ना बतौर नगरपालिका सभागार में भारत स्वच्छ अभियान के प्रेजेंटेशन दिखा उन्हें जागरूक कर छोड़ दिया गया। अपने आस पास फैलने वाली गंदगी से बचने व देश व प्रदेश को स्वच्छ व सुंदर बनाने के लिए लोगों को जागरूक कर सकें। अपने शहर को स्वच्छ बनाने के लिए गंदगी न फैलाए। जिससे एक सकुशल स्वच्छ भारत का निर्माण हो सके।

# नालों में गोबर बहाने वाले डेयरी संचालकों के खिलाफ हुई कार्रवाई





**लोनी (करंट क्राइम)**। लोनी नगर पालिका ने नालों में गोबर बहाने वालों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करनी शुरू कर दी है। बुधवार को पूजा कालोनी स्थित नाले में गोबर बहाने वाले 5 डेयरी संचालकों के विरुद्ध कार्रवाई की गई है।अधिकारियों ने सभी डेयरी संचालकों को दो दिन के अंदर आवासीय कालोनी से डेयरी को स्थानांतरित करने के निर्देश दिए। बुधवार सुबह करीब साढ़े दस बजे उपजिलाधिकारी संतोष कुमार राय, पुलिस क्षेत्राधिकारी रजनीश कुमार उपाध्याय, नगर पालिका अधिशासी अधिकारी शालिनी गुप्ता पुलिस बल के साथ पूजा कालोनी पहुंचे। जहां बिना अनुमति संचालित पांच डेयरियों को चेक किया गया। डेयरी संचालकों से गोबर निस्तारण की जानकारी की गई। जहां पता चला कि गोबर को नालियों में बहा दिया जाता है। जिसपर अधिकारियों ने सभी डेयरी संचालकों को दो दिन के अंदर आवासीय कालोनी से डेयरी को स्थानांतरित करने के निर्देश दिए। नगर पालिका अधिशासी अधिकारी ने बताया कि यदि दो दिन के अंदर डेयरियां नहीं हटाई जाती हैं तो सभी लोगों के बिजली कनेक्शन काट दिए जाएंगे। साथ ही सबमर्सिबल को उखाड़ दिया जाएगा। उन्होंने बताया कि डेयरियों के खिलाफ पूरे शहर में अभियान चलाया जाएगा।पालिका अधिशासी अधिकारी शालिनी गुप्ता ने कहा नालों में गोबर और पालोथिन कचरा बहाने वालों को चिन्हित किया जाएगा। इनके विरुद्ध एफआइआर दर्ज कराई जाएगी।

# अधिशासी अधिकारी शालिनी गुप्ता ने लिया सफाई व्यवस्था का जायजा

**लोनी (करंट क्राइम)।** नवरात्रि पर्व को लेकर जिला प्रशासन के निर्देश पर अधिशासी अधिकारी शालिनी गुप्ता ने सोमवार सुबह लोनी नगर में सफाई व्यवस्था का जायजा लिया तथा सड़क पर अनाधिकृत कब्जा करने वालों को कब्जा हटाने के निर्देश दिए। कब्जा न हटाने पर कार्रवाई की चेतावनी दी गई। निरीक्षण के दौरान उन्होंने सभी सफाई कर्मियों को ठीक तरह से सफाई व्यवस्था करने वाले नालियों की सफाई करने के निर्देश दिए तथा नागरिकों से कूड़ा कचरा नाली में न डालने की अपील की।



वहीं उन्होंने दुकानदारों को अतिक्रमण न करने की चेतावनी दी। उन्होंने सफाई कर्मचारियों से कहा कि मंदिर व मस्जिद के बाहर किसी प्रकार की गंदगी नहीं रहनी चाहिए। बतादें कि नवरात्रि की शुरुआत हो चुकी है हिंदू धर्म में 9 दिन तक देवी मां के स्वरूपों की पूजा की जाएगी। रमजान का पवित्र माह भी शुरू हो गया है। इसको लेकर नगर पालिका अधिशासी अधिकारी शालिनी गुप्ता ने शहर में निरीक्षण कर मंदिर तथा मस्जिदों के बाहर अस्थाई रूप से किए गए अतिक्रमण को हटाने के निर्देश दिए। जिससे आवागमन में किसी भी प्रकार की श्रद्धालुओं को परेशानी का सामना ना करना पड़े।

उन्होंने बताया कि नवरात्रि व रमजान माह के दौरान नगर में पूर्ण रूप से सफाई की जाएगी। भ्रमण के दौरान दिगम्बर भंडारी, मनोज, शिवम, विजय आदि मौजूद रहे।

# नगर पालिका ने गंदगी फैलाने वालों पर लगाया जुर्माना

लोनी,(पंजाब केसरी) नगरपालिका अधिकारियों ने शहर में गंदगी फैलाने वाले दो दर्जन से अधिक लोगों पर जुर्माना लगाया है। जिनको नगरपालिका सभागार में जुर्माना बतौर चार घंटे बैठाया और भारत स्वच्छ अभियान के तहत फिल्म दिखाकर उन्हें जागरूक कर छोड़ दिया। लोनी नगरपालिका अधिशासी अधिकारी शालिनी गुप्ता ने बताया कि प्रदेश सरकार ने भारत स्वच्छ अभियान के तहत देश को स्वच्छ सुंदर बनाने का संकल्प लिया है। जिसमें प्रशासनिक अधिकारी देश को स्वच्छ बनाने के लिए लोगों को जागरूक करने का काम किया जा रहा हैं। जिससे आम जनता अपने आस पास सफाई का विशेष ध्यान रखें। गंदगी से फैलने वाली बीमारी से दूर रह सकें। उन्होंने कहा कि जागरूकता के बावजूद भी कुछ व्यक्ति गंदगी फैलाने से बाज नही आते हैं। अधिशासी अधिकारी ने बताया कि गंदगी फैलाने वालों के खिलाफ एक मुहिम चलाई गई है। जिसमें ऐसे व्यक्तियों को चिन्हित कर ई-मेल के माध्यम से उपलब्ध प्रेजेंटेशन को कंप्यूटर से दिखा कर जाकरूक करने का काम किया जा रहा है। शुक्रवार को स्वच्छ भारत अभियान मुहिम चालने वाली नगरपालिका टीम ने शहर में गंदगी फैलाने के आरोप करीब 30 लोगों को पकड़ लिया। जिनको लोनी नगरपालिका लाकर जुर्माना लगाया गया। जुर्माना बतौर नगरपालिका सभागार में भारत स्वच्छ अभियान के प्रेजेंटेशन दिखा उन्हें जागरूक कर छोड़ दिया गया। अपने आस पास फैलने वाली गंदगी से बचने व देश व प्रदेश को स्वच्छ व सुंदर बनाने के लिए लोगों को जागरूक कर सकें।




मेरी दुनिया में जो इतनी शोहरत है

सब मेरी मां की बदौलत है

हैप्पी मदर्स डे

# शहर की स्वच्छता के लिए डस्टबिन बांटी






**लोनी (करंट क्राइम)।** नगरपालिका परिषद ने स्वच्छ भारत मिशन के तहत लोनी नगरपालिका अध्यक्ष रंजीता धामा ने शुक्रवार को वार्ड नं 7 विकास कुंज व वार्ड 48 गांव बेहटा हाजीपुर डस्टबिन वितरण कार्यक्रम मे मुख्य अतिथि के रूप मे भाग लिया।

इस अवसर पर कालोनीवासियों ने रंजीता धामा का फूल-माला पहनाकर व पुष्प वर्षा करते हुये जोरदार स्वागत किया। इस अवसर पर लोनी नगरपालिका अध्यक्ष ने कालोनी की महिलाओं को हरे व नीले रंग के डस्टबिन वितरित किये तथा साफ-सफाई को लेकर सभी को जागरूक करते हुये कहा कि हम सभी को अपने आस-पास साफ-सफाई पर विशेष ध्यान देना चाहिए जिससे कि बीमारी ना फैले तथा स्वच्छता बनी रहे। हम सभी को गीले कपडे व सूखे कूडे को अलग -अलग कूडेदान मे एकत्रित करना है जिससे कि कूडे के निस्तारण मे परेशानी ना आये। रंजीता धामा ने सभी को जागरूक करते हुये कहा कि आने वाला मौसम बरसात का है इस मौसम मे बिमारियों के फैलने का खतरा बहुत अधिक रहता है इसके लिये हम सभी को अभी से तैयारी शुरू कर देनी चाहिए जिससे कि हम और हमारा परिवार बिमारियों से बचा रहे नगरपालिका अधिशासी अधिकारी शालिनी गुप्ता ने लोगों को गली मोहल्ला में कूड़ा फैकने से हाने वाली परेशानियों के बारे में विस्तार से बताकर जागरूक भी किया। उन्होंने ने बताया कि घर से निकलने वाले कूड़े को डस्टबिन में इकट्ठा कर सुबह सफाई कर्मी आने पर उसको दे दें। इससे शहर में गंदगी भी नहीं होगी और गंदगी के कारण फैलने बाली बीमारियों से भी निजात मिल सकेगी।

इस अवसर पर सभासद आकाश धामा, इन्द्रजीत, शिवम, कपिल, ओमकार चौधरी, नरेश, अजीत प्रधान, भण्डारी बाबू, विमला देवी, अलका, कीर्ति शर्मा, अनीता, कोमल, नीलम देवी सहित सैकड़ों की संख्या मे कालोनीवासी उपस्थित रहे।



# अतिक्रमण पर गरजा पालिका का बुलडोजर



**लोनी (करंट क्राइम)।** आखिरकार शासन के निदेशों का पालन शुरू हो गया। कई बार की चेतावनी और समझाने के बाद दुकानदारों ने जब अपनी दुकानों के आगे किया अतिक्रमण नहीं हटाया तो प्रशासन ने पुलिस बल को संग ले मंगलवार को लोनी गाजियाबाद मार्ग पर चिंहित जगहों पर बुलडोजर चलवाया। एसडीएम संतोष कुमार राय, नगर पालिका अधिशासी अधिकारी शालिनी गुप्ता ने शहर के संभ्रांत लोगों को बुलाकर कहा था कि जो लोग अतिक्रमण किए हुए हैं उन्हें वह हटा ले।दुकानदारों ने नाली के ऊपर बनी पटिया तथा ऊपर पड़ी टीनों को नहीं हटाया तो बुल्डोजर चलाकर अतिक्रमण हटाया जाएगा।

समझाने के बाद न मानने पर लोनी नगर में अतिक्रमण पर प्रशासन की नजर टेढ़ी हो गई है। अधिकारियों के निर्देश के बाद से ही शहर में अतिक्रमण हटाए जाने की मांग की जा रही थी जिस पर एसडीएम संतोष कुमार राय, सीओ रजनीश उपाध्याय, अधिशासी अधिकारी शालिनी गुप्ता, थाना प्रभारी अजय चैधरी एवं नगरपालिका के कर्मचारियों की मौजूदगी में बंथला फ्लाईओवर से लेकर लोनी तिराहे तक बुलडोजर चला कर अतिक्रमण हटाया गया। एसडीएम संतोष कुमार राय के



नेतृत्व में मंगलवार को लोनी गाजियाबाद मार्ग में अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया गया। प्रशासन की ओर से अतिक्रमण हटाने को देखकर नगर के दुकानदारों के हाथ पांव फूल गए।बुल्डोजर को देख दुकानदारों ने आनन-फानन में अतिक्रमण वाली जगह में से अपना सामान तितर-बितर किया। बंथला फ्लाई ओवर से शुरू हुई अतिक्रमण कार्रवाई लोनी तिराहे तक चलाया गया। चार घंटे तक यह कार्रवाई चली। अतिक्रमण कारी दुकानदारों ने टीम को आता देख अपना सामान समेट लिया।जिन लोगों ने नहीं हटाया, उनको बुलडोजर से हटवा दिया गया।एसडीएम ने कहा कि आगे भी अभियान जारी रहेगा। पुनः अतिक्रमण करने वालों के विरूद्ध मुकदमा दर्ज किया जाएगा।अधिशासी अधिकारी शालिनी गुप्ता ने कहा कि अगर पुनः सरकारी जगहों पर अतिक्रमण किया गया तो दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी तथा नोटिस थमा कर सम्मन शुल्क भी वसूला जाएगा।





# तार माफियाओं ने प्रशासनिक अधिकारियों की टीम पर किया जानलेवा हमला, चार घायल

**प्रदूषण फैला रहे तार माफियाओं के खिलाफ बेहटा गांव कार्रवाई को पहुंची थी टीम, अधिकारी और नगरपालिका कर्मचारियों ने भाग कर बचाई जान**









लोनी (करंट क्राइम)। बॉर्डर थाना इलाके के बेहटा गांव में प्रदूषण फैला रहे तार माफियाओं के खिलाफ कार्रवाई को पहुंची प्रशासनिक अधिकारियों की टीम पर तार माफियाओं ने लाठी डंडों से जानलेवा हमला बोल दिया। जिसमें लोनी नगरपालिका के चार कर्मचारी बुरी तरह से घायल हो गये। तहसीलदार, लोनी नगरपालिका अधिशासी अधिकारी व अन्य कर्मचारियों ने भाग कर किसी तरह अपनी जान बचाई। अधिकारियों की टीम सिर्फ दो पुलिसकर्मियों के भरोसे ही कार्रवाई करने पहुंची थी। घटना की जानकारी मिलते ही उपजिलाधिकारी लोनी क्षेत्राधिकारी मौके पर पहुंचे। लेकिन अधिकारियों की सूचना मिलते ही तार माफिया मौके से भाग गये। तहसीलदार शिव नरेश ने बताया कि तार माफियाओं द्वारा बेहटा हाजीपुर गांव में तार जलाकर पूरे क्षेत्र में प्रदूषण फैलाने की लगातार शिकायत मिल रही थी। शुक्रवार दोपहर उपजिलाधिकारी संतोष कुमार राय के निर्देशन में अधिकारियों की एक संयुक्त टीम गठित की गई। जिसमें तहसीलदार, लोनी नगरपालिका अधिशासी अधिकारी शालिनी गुप्ता, पालिका कर्मचारी एवं पुलिसकर्मियों के साथ तार माफियाओं के खिलाफ कार्रवाई करने बेहटा गांव पहुंचे। जहां संयुक्त टीम को देख कालोनीवासियों और तार माफियाओं जमावड़ा शुरू हो गया। संयुक्त टीम ने जैसे ही कार्रवाई शुरू की वैसे ही तार माफियाओं ने लाठी डंडों से जानलेवा हमला बोल दिया। जिसमें नगरपालिका कर्मचारी जितेंद्र, मीनू, गोविंद व अक्षय बुरी तरह घायल हो गये। अधिकारियों और पालिका कर्मियों ने आस पास के घरों में छिपकर किसी तरह अपनी बमुश्किल जान बचाई।

### माफियाओं ने मोबाइल और ट्रैक्टरों की चाबी छीनी

अधिकारियों ने बताया कि तार माफियाओं ने हमला में घायल हुए कर्मचारियों मोबाइल और पालिका के ट्रैक्टरों की चाबी तक छीन ली। माफियाओं ने बेहटा गांव में फिर से न आने की बात कहते हुए घायल कर्मचारियों के साथ जमकर मारपीट की। अभियान में साथ गये पुलिसकर्मी भी भागते दिखाई दिये। पुलिस की जान बचा कर भागना पुलिसबल कमी का कारण रहा। घायलों को पास के अस्पताल में भर्ती कराया। प्राथमिक उपचार के बाद घायलों को छुट्टी दे दी है।

### भुगतना पड़ा लापरवाही का खामियाजा

[illegible]

## मार्डन इंटर कालेज में एक सप्ताह तक चले समर कैम्प का किया समापन



[illegible]

## ग्रीष्मकालीन समर कैम्प में बच्चों ने दिखाया हुनर



[illegible]

## ट्रक व ट्रैक्टर की भिड़त में ट्रैक्टर सवार की दर्दनाक मौत

[illegible]

प्रस्तुति दैनिक करंट क्राइम

पुलिस नामा

गौरव शशि नारायण | क्राइम रिपोर्टर



## इन थ्री-स्टारों ने खुद लिखा पत्र हटा दो साहब

[illegible]

## एसएसएस सीनियर सेकेंडरी स्कूल नन्हे मुन्हें बच्चों के लिए पूल पार्टी का हुआ आयोजन





[illegible]

## घर मे सो रही महिला के कानों से कुंडल खींच





[illegible]

दैनिक

# करंट क्राइम

सिर्फ सच...

## सफाई को लेकर किसी भी प्रकार की लापरवाही कतई बर्दाश्त नहीं की जाएगी: शालिनी गुप्ता



**लोनी (करंट क्राइम)।** लोनी नगर में संचारी रोगों से बचाव के लिए नगर पालिका की अधिशाषी अधिकारी के निर्देश पर साफ सफाई के लिए विशेष अभियान चलाया जा रहा है। इसके लिए नगर के प्रत्येक वार्ड में साफ सफाई व दवा का छिड़काव किया जा रहा है।

कोरोना महामारी व संचारी रोगों से नगर की जनता को सुरक्षित रखने के लिए नगर पालिका ईओ शालिनी गुप्ता के निर्देश पर नगर में विशेष सफाई अभियान चलाया जा रहा है। जिसकी समीक्षा व देखरेख ईओ स्वयं कर रही हैं। वह प्रातः ही सफाई व्यवस्था की देखरेख के लिए फील्ड में निकल जाती है। विशेष सफाई अभियान के तहत नगर के वार्डों में जहां झाड़ू से साफ सफाई की जा रही है। तो वहीं, नालियों की साफ सफाई के साथ दवा का छिड़काव भी किया जा रहा है। जिससे रोग के कीटाणु नष्ट हो सकें। इसके अलावा मोहल्लों की गलियों में संचारी रोगों की रोकथाम के लिए फागिंग मशीन भी चलाई जा रही है। बुधवार को चले सफाई अभियान में ईओ ने दिल्ली सहारनपुर पुर हाइवे मार्ग लोनी तिराहे में स्वयं जाकर सफाई व्यवस्था को देखा और आवश्यक निर्देश दिए। उन्होंने सफाई नायकों को निर्देश दिए कि सफाई को लेकर किसी भी प्रकार की लापरवाही कतई बर्दाश्त नहीं की जाएगी। जनता के स्वास्थ्य के प्रति सबकी जिम्मेदारी है। जिसको सभी को मिलकर जिम्मेदारी से निभाना है। उन्होंने नगर की जनता से अपील की कि अपने घरों के आसपास गंदगी ना होने दें और न ही जल भराव ना होने दें। यदि कोई समस्या आती है तो उन्हें सूचित करें।

## लोनी: सड़कों पर नहीं रहेगा अतिक्रमण

[illegible] ब्यूरो | लोनी



लोनी तिराहे गाजियाबाद रोड बलराम नगर मेन बाजार के सामने दुकानदारों ने सरकारी जमीन पर अतिक्रमण कर सड़कों को संकरा कर दिया। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के सड़कों पर से अतिक्रमण हटाने के सख्त निर्देशों के बाद प्रशासन हरकत में आया है। अतिक्रमण हटाने को लेकर अधिकारियों ने अपने सख्त तेवर दिखाने शुरू कर दिये। नगर पालिका पुलिस प्रशासन की टीम ने मंगलवार दोपहर लोनी तिराहे से बंथला फ्लाई ओवर तक अतिक्रमण हटाने के अभियान चलाया। नगर पालिका की टीम ने रोड पर सर्विस रोड पर लोगों द्वारा किये गये पक्के अतिक्रमण को जेसीबी से तोड़ दिया। टीम को देख कर आसपास के लोगों में हड़कंप मचा रहा। ई ओ शालिनी गुप्ता ने लोगों को चेतावनी दी कि वे स्वयं ही अतिक्रमण को हटा लें अन्यथा टीम अतिक्रमण को ध्वस्त कर देगी साथ ही कठोर कानूनी कार्रवाई करेगी। इस दौरान महालय मैरिज होम ने मेन सड़क तक गेट लगा कर अतिक्रमण कर रखा था, जेसीबी ने गेट को तोड़ दिया।

## अतिक्रमण पर गरजा पालिका का बुलडोजर



**लोनी (करंट क्राइम)।** आखिरकार शासन के निर्देशों का पालन शुरू हो गया। कई बार की चेतावनी और समझाने के बाद दुकानदारों ने जब अपनी दुकानों के आगे किया अतिक्रमण नहीं हटाया तो प्रशासन ने पुलिस बल को संग ले मंगलवार को लोनी गाजियाबाद मार्ग पर चिंहित जगहों पर बुलडोजर चलवाया। एसडीएम संतोष कुमार राय, नगर पालिका अधिशासी अधिकारी शालिनी गुप्ता ने शहर के संभ्रांत लोगों को बुलाकर कहा था कि जो लोग अतिक्रमण किए हुए हैं उन्हें वह हटा ले।दुकानदारों ने नाली के ऊपर बनी पटिया तथा ऊपर पड़ी टीनों को नहीं हटाया तो बुल्डोजर चलाकर अतिक्रमण हटाया जाएगा।

समझाने के बाद न मानने पर लोनी नगर में अतिक्रमण पर प्रशासन की नजर टेढ़ी हो गई है। अधिकारियों के निर्देश के बाद से ही शहर में अतिक्रमण हटाए जाने की मांग की जा रही थी जिस पर एसडीएम संतोष कुमार राय, सीओ रजनीश उपाध्याय, अधिशासी अधिकारी शालिनी गुप्ता, थाना प्रभारी अजय चैधरी एवं नगरपालिका के कर्मचारियों की मौजूदगी में बंथला फ्लाईओवर से लेकर लोनी तिराहे तक बुलडोजर चला कर अतिक्रमण हटाया गया। एसडीएम संतोष कुमार राय के



नेतृत्व में मंगलवार को लोनी गाजियाबाद मार्ग में अतिक्रमण हटाओ अभियान चलाया गया। प्रशासन की ओर से अतिक्रमण हटाने को देखकर नगर के दुकानदारों के हाथ पांव फूल गए।बुल्डोजर को देख दुकानदारों ने आनन-फानन में अतिक्रमण वाली जगह में से अपना सामान तितर-बितर किया। बंथला फ्लाई ओवर से शुरू हुई अतिक्रमण कार्रवाई लोनी तिराहे तक चलाया गया। चार घंटे तक यह कार्रवाई चली। अतिक्रमण कारी दुकानदारों ने टीम को आता देख अपना सामान समेट लिया। जिन लोगों ने नहीं हटाया, उनको बुलडोजर से हटवा दिया गया। एसडीएम ने कहा कि आगे भी अभियान जारी रहेगा। पुनः अतिक्रमण करने वालों के विरूद्ध मुकदमा दर्ज किया जाएगा।अधिशासी अधिकारी शालिनी गुप्ता ने कहा कि अगर पुनः सरकारी जगहों पर अतिक्रमण किया गया तो दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी तथा नोटिस थमा कर सम्मन शुल्क भी वसूला जाएगा।

# स्वच्छ भारत मिशन के अन्तर्गत खुले मे शौच से मुक्ति के सम्बन्ध में जागरूकता हेतु एक मार्मिक अपील

*जागो युवा जागो स्वच्छ भारत है तुम्हारा अधिकार लेकिन पहले उठाओं पहले कर्तव्य का भार*

*बापू का नारा, स्वच्छ भारत हैं बनाना *

*भूमण्डल में गूंजे गान *
*मेरा भारत देश महान *
*फिर गूजेंगा का बापू का गान *
*स्वच्छ रहे भारत का हर ग्राम *
*कूड़ा करकट का हैं अम्बार *
*सबको मिलकर करना हैं साफ *
*अपने कर्मो को सुधारे *
*नदियों को पवित्र बनायें *
*स्वच्छता उन्नति का आधार हैं *
*लम्बे जीवन का सार हैं *
*स्वच्छता आकर्षण का आधार हैं *
*स्वच्छता मोक्ष का द्वार भी हैं *
*बच्चे बूढे, और जवान हैं ,*
*सहयोग सेतु में बंध एक साथ *
*संकल्प करे फिर एक बार *
*स्वच्छ रखेगा भारत को हर हाथ *
*अच्छे दिनों को लाना हैं *
*भारत का मान बढ़ाना हैं *

*स्वच्छ भारत मिशन लोनी*

श्रीमति शालिनी गुप्ता
*(अधिशासी अधिकारी)*

श्रीमती रंजीता धामा
*(अध्यक्ष)*

**E NEWS LETTER 18**




: www.fageosystems.in

: info@fageosystems.in

**Tel/Fax** : 01204349756